CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 17 ▫ रायपुर, रविवार 9 फरवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 31 नक्सली ढेर

## दो जवान भी शहीद और दो घायल

### सर्च ऑपरेशन जारी



**जगदलपुर/बीजापुर,** 9 फरवरी (हाईवे चैनल)।त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से ठीक पहले बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में पुलिस व नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई है। पुलिस सुरक्षा बल ने छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 31 नक्सलियों को मार गिराया है। दो जवान बलिदान हो गए और दो जवान घायल भी हुए हैं। घायल जवानों को निकालने के लिए जगदलपुर से एमआई-17 हेलीकॉप्टर रवाना किया गया है। बस्तर संभाग के आईजीपी सुंदर राज ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है।

यह एनकाउंटर बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में हुआ है, अभी भी अन्य नक्सलियों की धरपकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। बीजापुर डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर के जवानों ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। आईजी ने बताया कि नक्सलियों के बड़ी संख्या में जमा होने की सूचना मिली थी, इसके बाद मौके पर फोर्स रवाना की गई है। सुबह से ही रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि इस नक्सल ऑपरेशन में नक्सलियों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी जवानों के बलिदान होने की सूचना पर जताया शोक। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, %बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 31 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में 2 जवान बलिदान एवं 2 जवान के घायल होने की भी दु:खद खबर प्राप्त हुई है। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में मार्च 2026 तक हमारा प्रदेश नक्सलवाद मुक्त होकर रहेगा। इस दिशा में सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। देश-प्रदेश में कैंसर रूपी नक्सलवाद का अंत तय है। ईश्वर से बलिदान जवानों की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने व घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### जवानों के बलिदान पर सीएम विष्णुदेव साय ने जताया शोक

## असम में सात करोड़ की याबा टैबलेट बरामद, तीन लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (न्यूज चैनल)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा किराज्य के श्रीभूमि जिले में शनिवार को दो अलग-अलग अभियानों में सात करोड़ रुपये मूल्य की प्रतिबंधित याबा गोलियां बरामद की गईं और इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस ने एक अभियान के दौरान जिले के पुवामारा क्षेत्र में 50,000 याबा गोलियां जब्त कीं और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जबकि एक अन्य अभियान में लोंगई क्षेत्र में 5,800 गोलियां बरामद की गईं और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''श्रीभूमि पुलिस ने सुबह के समय सात करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ बरामद किया। पुवामारा में 50,000 याबा गोलियां बरामद करने के साथ एक व्यक्ति को गिरफतार किया गया है।लोंगई में 5800 याबा गोलियां बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।'' याबा टैबलेट में मेथेम्फेटामाइन और कैफीन का मिश्रण होता है। भारत में याबा पर प्रतिबंध है।

## नगरीय निकाय चुनाव : आज रात 12 बजे तक थमेगा चुनावी प्रचार

**रायपुर,** 9 फरवरी (हाईवे चैनल)। नगरीय निकाय चुनाव में 11 फरवरी को मतदान किया जाएगा। इसके पूर्व आज रविवार रात 12 बजे तक चुनाव प्रचार किया जा सकता है। साथ ही आज रात 10 बजे के पश्चात ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति नहीं होने के कारण रात्रि 10 बजे से 12 बजे के बीच होने वाले चुनाव प्रचार की अनुमति देते समय इन सभी प्रावधानों का ध्यान रखा जाएगा। मतदान के ठीक एक दिन पूर्व सार्वजनिक तौर पर चुनाव प्रचार नहीं किया जा सकता है। इसमें इसके अंतर्गत सार्वजनिक सभाएं, जुलूस, नुक्कड़ सभाएं, लाउडस्पीकर का उपयोग इत्यादि पूर्णत: प्रतिबंधित रखी जाएगी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### मणिपुर में शांति बहाल करने के लिये सभी प्रयास कर रही सरकार : बीरेन सिंह



**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (न्यूज चैनल)। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर के हिंसा प्रभावित राज्य में सरकार शांति बहाल करने के सभी प्रयास कर रही है और यह सुनिश्चित कर रही कि लोग पहले की तरह एक साथ मिलजुल कर रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''राज्य सरकार शांति बहाल करने और लोगों के पहले की तरह शांतिपूर्ण तरीके से साथ रहने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।'' मई 2023 में मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। डीजीएआर महिला एवं पुरुष पोलो चैंपियनशिप 2025 के समापन समारोह को संबोधित करते हुये सिंह ने विभिन्न टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए सेना एवं असम राइफल्स की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये मणिपुर में पोलो को बढ़ावा देने तथा घोड़ों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सिंह ने यह भी कहा कि सरकार ने मणिपुर में घोड़ों की सुरक्षा के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं और दोहराया कि आधुनिक पोलो की उत्पत्ति इसी राज्य से हुई है। उन्होंने कहा, ''लम्फेलपट में करीब 30 एकड़ का चारागाह आवंटित किया गया है। इंफाल पूर्वी जिले के पंगेई में एक चारागाह और अन्य चारागाह भी विकसित किए गए हैं।

### मजदूरों पर गिरा ट्रक, एक बच्चे और तीन महिलाओं की मौत

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (न्यूज चैनल)। गुजरात के बनासकांठा जिले में रेत से भरा एक डंपर ट्रक पलट कर मजदूरों के एक समूह पर गिर गया, जिससे तीन महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना शनिवार शाम जिले के खेंगरपुरा गांव में उस समय हुई जब वहां सड़क निर्माण कार्य हो रहा था। पुलिस उपाधीक्षक एस.एम. वरोतरिया ने बताया कि डंपर एक संकरे रास्ते से गुजरने की कोशिश कर रहा था उसी दौरान वह पलट गया तथा सड़क निर्माण कार्य में जुटे मजदूरों के एक समूह पर गिर गया।

### ट्रक से टक्कर के बाद बस में लगी आग, 41 लोग जिंदा जले

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (न्यूज चैनल)। दक्षिणी मैक्सिको के टबैस्को राज्य में ट्रक से टक्कर के बाद यात्री बस में आग लग गई। हादसे में 41 लोग जिंदा जले गए। बस कैनकन से टबैस्को आ रही थी। इस हादसे में बस में सवार 38 यात्रियों और दो ड्राइवरों की मौत हो गई। टबैस्को के अधिकारियों ने बताया कि अब तक 38 शव बरामद किए गए हैं। टूर्स एकोस्टा ने यह भी कहा कि हम अधिकारियों के साथ मिलकर यह पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं कि हादसे के पीछे क्या कारण थे और क्या बस गति सीमा के भीतर ट्रैवल कर रही थी।

## आतिशी ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

### उपराज्यपाल ने दिल्ली विधानसभा भंग की



### भाजपा का प्रतिनिधिमंडल एलजी से मिला

### गृहमंत्री के आवास पर नेताओं की हुई बैठक

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की करारी हार के एक दिन बाद रविवार को सीएम आतिशी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा उपराज्यपाल वीके सक्सेना को सौंप दिया। आतिशी के इस्तीफे के बाद उपराज्यपाल ने दिल्ली की सातवीं विधानसभा को भंग कर दिया। इसके लिए उन्होंने अधिसूचना जारी की।

बता दें, कल आए नतीजों में 70 विधानसभा सीटों में से बीजेपी ने 48 सीटों पर जीत दर्ज की है। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आप सिर्फ 22 सीटें ही जीत पाई। कांग्रेस को चुनाव में एक भी सीट नहीं मिली। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सितंबर में आतिशी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, जब आप संयोजक और उनके पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते पद से इस्तीफा दे दिया था। 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी समेत पांच महिला उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की, जबकि 2020 के चुनाव में यह संख्या आठ थी।

रविवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991, 1 की धारा 6 की उपधारा (2) (बी) द्वारा मुझे प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, 08 फरवरी, 2025 से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सातवीं विधानसभा को भंग करते हैं।

नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा के विजयी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा राज निवास पहुंचे। इसके अलावा बिजवासन विधानसभा सीट से भाजपा के विजयी उम्मीदवार कैलाश गहलोत भी राज निवास पहुंचे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर पहुंचे। माना जा रहा है कि इस मुलाकात में दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा इस पर चर्चा हो सकती है।

### आप नेताओं का दल पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंचा

आप सांसद संजय सिंह, बाबरपुर विधानसभा सीट से विजयी उम्मीदवार गोपाल राय और आप के महासचिव संदीप पाठक समेत आप नेता दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंचे।

## अलग-अलग सड़क हादसे में कुंभ स्नान से लौट रहे 7 श्रद्धालुओं की मौत, 4 रायपुर के



### कई घायल

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (न्यूज चैनल)। उत्तरप्रदेश से बड़ी ख़राब सामने आ रही है। यहां भीषण सड़क हादसा हुआ है। दरअसल श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो से ट्रेलर जा भिड़ी। इस हादसे में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं छह की हालत गंभीर है. घायलों को पास के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, सभी बोलेरो सवार कुम्भ स्नान कर छत्तीसगढ़ लौट रहे थे। धर मध्यप्रदेश के सतना जिले में रविवार को महाकुंभ के लिए लोगों को प्रयागराज ले जा रहे एक मिनी ट्रक और 'एसयूवी' कार की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य व्यक्ति घायल हो गए इसी दौरान ट्रेलर आ भिड़ी, इसकी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि, बोलेरो को परखच्चे उड़ गए। जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालो की पहचान रायपुर निवासी लक्ष्मीबाई (30) अनिल प्रधान (37), ठाकुर राम यादव (58) और रुक्मणी यादव (56) के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायलों में रामकुमार (33), दिलीप देवी (58), अभिषेक, अहान (4), योगी लाल (36), हर्षित (ढाई वर्ष), सुरेंद्री देवी (32) शामिल है.

इधर मध्यप्रदेश के सतना जिले में रविवार को महाकुंभ के लिए लोगों को प्रयागराज ले जा रहे एक मिनी ट्रक और 'एसयूवी' कार की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मझगवा थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे ने बताया कि जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर सतना-चित्रकूट राजकीय राजमार्ग पर रात करीब एक बजकर 30 मिनट पर यह दुर्घटना हुई। टक्कर के बाद ट्रक पलट गया था। दुर्घटना के कारण सड़क पर यातायात अवरुद्ध हो गया, जिसे बाद में पुलिस ने खुलवाया। अधिकारी ने बताया कि पिकअप ट्रक (मिनी ट्रक) में सवार लोग मध्य प्रदेश के जबलपुर से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में शामिल होने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि वहीं स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में सवार लोग प्रयागराज से चित्रकूट होते हुए दमोह जा रहे थे। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान महेंद्र पटेल (52), मनीषा पटेल (31) और उनके बेटे जितेंद्र पटेल (11) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों वाहनों में सवार दस अन्य लोग घायल हो गए, जिनका जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

## आनलाईन दवा मंगाकर सेवन करना पड़ सकता है भारी



### ई-फार्मेसी द्वारा आनलाईन दवाओं की बिक्री पर निगाह रखने नहीं है कोई विशिष्ट कानून

### पुरानी नकली या अन्य दवा भेजे जाने का रहता है खतरा

**धमतरी,** 9 फरवरी (हाईवे चैनल)। आज के दौर में ऑनलाईन व्यापार और खरीददारी आम बात है लोग सस्ते और डिस्काउंट के लिये ऑनलाईन सामानों की खरीददारी करते हैं। लेकिन सेहत से जुड़ी चीजे की ऑनलाईन खरीददारी सेहत को नुकसान भी पहुंचा सकती है।

बता दे कि कई ऐसे ई-फार्मेसी एप है जहां पर दवाईयों की ऑनलाईन बिक्री होती है। जहां न डाक्टर की पर्ची की आवश्यकता पड़ती है और न कोई अन्य निर्देश की। कोई भी व्यक्ति कहीं भी रहकर ऑनलाईन दवा खरीद सकता है। लेकिन उक्त प्रकार की खरीददारी से दवा के नकली एक्सपायर और अन्य फार्मूले की दवाई होने का खतरा बना रहता है। चूंकि दवा सीधे हमारी सेहत से जुड़ा होता है। दवा सेहत में सुधार के लिये सेवन किया जाता है लेकिन इस प्रकार लापरवाही से सेहत और बिगड़ सकती है। विडम्बना है कि ऑनलाईन ई-फार्मेसी द्वारा दवाईयों की बिक्री पर पैनी निगाह रखने कोई विशिष्ट कानून नहीं है। इससे कंपनियां बेपरवाह होकर आनलाईन दवाईयों की बिक्री कर रहे है।

ज्ञात हो कि ऐलोपैथिक दवाईयां डाक्टर के पर्ची या सलाह के बगैर सेवन नहीं करना चाहिए। इससे शरीर पर विपरीत प्रभाव भी पड़ सकता है। लेकिन आजकल सोशल मीडिया का दौर है जहां पर दवाईयों और बीमारी के लिये कई प्रकार के ज्ञान बांटे जाते है। कई लोग इन्ही विज्ञापनों से प्रभावित होकर डाक्टरों से सलाह लिये बगैर अपने हिसाब से दवाईयां आर्डर कर मंगाते है। और लंबे समय तक सेवन भी करते है। डाक्टरों के अनुसार स्वयं से दवाई खाना सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। हर व्यक्ति का शरीर अलग होता है। उम्र वजन, बीमारी का प्रकार और किस स्टेज की बीमारी है उसकी जानकारी लेने के बाद सम्पूर्ण जांच के बाद डाक्टर दवाईयां लिखते है लेकिन कई लोग स्वयं डाक्टर बने बैठे है जो कि दवाईयों का चयन स्वयं कर अपने हिसाब से डोज लेते है। यह घातक साबित हो सकता है।

### चोरी छुपे मंगाते है दवाईयां

कुछ ऐसी बीमारी है जिनके लिये लोग अस्पताल जाना उचित नहीं समझते इनमें सेक्स प्राबलम, अनिद्रा, तनाव, दिमाग को शांति रखना आदि शामिल है। इसके लिए वे यु ट्यूब व अन्य माध्यमों से या ई फार्मेसी एप के सलाहकारों से ऑनलाईन सलाह लेकर दवाईयां चुन लेते है। और ऑनलाईन दवाई मंगाकर सेवन करते है। कई बार उनके अनुसार परिणाम नहीं मिलने पर दवाईयां की मात्रा या डोज बढ़ाकर सेवन करते है। इसके त्वरित या दूरगामी दूष्प्रभाव भी हो सकते है।

## चुनाव के लिए नदी किनारे बनाई जा रही थी कच्ची महुआ शराब, मजदूर बनकर पुलिस ने दी दबिश



**बिलासपुर,** 9 फरवरी (हाईवे चैनल)। नगरीय निकाय चुनाव की गहमागहमी के बीच सीपत पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए नदी किनारे अवैध कच्ची महुआ शराब का जखीरा बरामद किया है. ग्राम धौराकोना उडांगी में की गई कार्रवाई में 4,72,500 रुपए कीमत की 1575 लीटर शराब जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, गांव में अवैध कच्ची महुआ शराब बनाए जाने की जानकारी मिलने पर सीपत पुलिस की टीम एनटीपीसी के कर्मचारी व मजदूर बनकर जंगल में पहुंची थी. मामले में पकड़े गए आठ आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2), 34 (1) (च), आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है.बताया गया कि आरोपियों के द्वारा सरहदी जिला जांजगीर और कोरबा में महुआ शराब खपाई जाती थी. नगरीय निकाय के साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी शराब को खपाने की तैयारी थी. मौके से बरामद 8 क्विंटल महुआ लहान लीलागर नदी में नष्ट किया गया. वहीं शराब बनाने का उपकरण एवं बर्तन को जप्त किया गया.

CMYK